दिनांक 09.02.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ शहर के होटल , ठेले, खोमचे एवं रेस्टोरेंट के द्वारा प्रतिष्ठान से निकलने वाले दैनिक कचरे को सड़क पर नाली एवं नालों में फेंके जाने के विरुद्ध नगर पालिक निगम , भिलाई के स्वास्थ्य अमले ने आयुक्त एस0के0 सुंदरानी के निर्देश पर तत्काल कार्यवाही करते हुए वार्ड 5 के मांसाहारी होटल से निकले कचरे को नाली में फैलाए जाने के विरुद्ध होटल मालिक से प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक ने अपनी टीम के साथ कार्यवाही कर अर्थदंड वसूला।

निगम आयुक्त श्री सुंदरानी के व्हाट्सएप नंबर पर जागरूक नागरिक द्वारा भेजे गए गंदगी के फोटो एवं वीडियो पर आयुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिये थे , जिस पर जोन के स्वास्थ अमले ने छापामार कार्यवाही कर होटल के मालिक से पांच हजार रूपये अर्थदंड लगाकर रसीद की कॉपी प्रदान की एवं फैलाए गए कचरे को साफ किया गया । श्री सुंदरानी ने सेक्टर 4 सड़क-03 के पास मुख्य मार्ग में सामाजिक भवनों के द्वारा फैलाएं गए कचरे के खिलाफ भी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं ।

महापौर देवेंद्र यादव, स्वास्थ्य प्रभारी सदस्य लक्ष्मीपति राजू ने हाल ही में स्वास्थ्य अमले की बैठक लेकर कहा था कि चैक-चैराहे एवं नुक्कड़ पर फैले कचरे स्वच्छ भारत मिशन अभियान पर विपरीत प्रभाव डालता है इस पर तत्काल कार्यवाही करें ।

छापामार कार्यवाही मे बालकृष्ण नायडू, राजेश गुप्ता एवं अन्य कर्मचारी शामिल थे।

जनसम्पर्क अधिकारी